सहर्ष स्वीकारा है

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के लिए सबसे उचित विकल्पों का चयन कीजिए -

1. 'सहर्ष स्वीकारा है' अध्याय के कवि कौन है?
   क. सूर्यकांत त्रिपाठी निराला ख. गजानन माधव मुक्तिबोध
   ग. महादेवी वर्मा घ. इनमें से कोई नहीं
2. 'सहर्ष स्वीकारना' का मतलब क्या है?
   क. स्वीकार करना ख. आधे-अधूरे मन से स्वीकार करना
   ग. खुशी-खुशी स्वीकार करना घ. इनमें से कोई नहीं
3. "गरबीली गरीबी" से क्या तात्पर्य है?
   क. अधिक गरीब होना ख. गरीबी में अपना स्वाभिमान दांव पर लगाना
   ग. संपन्न गरीबी घ. गरीबी में भी स्वाभिमान को कायम रखना
4. 'भीतर की सरिता' से कवि का तात्पर्य है?
   क. हृदय की सरिता ख. नगर के बीच से बहने वाली सरिता
   ग. शरीर की सरिता घ. नगर के बाहर बहने वाली सरिता
5. कवि अपनी हर उपलब्धि का श्रेय किसे देना पसंद करता है ?
   क. अपने भाई को ख. मजदूर को
   ग. प्रिया को घ. जनता को
6. कवि के अनुसार मौलिक क्या है?
   क. स्वाभिमान युक्त गरीबी ख. जीवन के गंभीर अनुभव
   ग. अपना प्रबल व्यक्तित्व घ. इनमें से सभी
6. कविता में कवि की आत्मा कैसे हो गई है?
   क. कमजोर और अक्षम ख. दृढ़
   ग. संवेदनशील घ. सबल
7. "सहर्षस्वीकारा है" कविता में कवि की आत्मा "अक्षम और कमजोर" क्यों हो गई है?
   क. प्रिया से वियोग के कारण ख. सामाजिक कार्य करते रहने के कारण
   ग. प्रेम न मिल पाने के कारण घ. अत्यधिक प्रेम मिलने के कारण
8. कवि को कैसी आत्मीयता सहन नहीं होती?
   क. समझाने वाली ख. संवेदनारहित
   ग. संवेदना देने वाली घ. विचारात्मक
9. कवि अपने प्रिय के प्रभाव से दूर जाना चाहता है क्योंकि-
   क. वह भीतर से दुर्बल पड़ने लगा है ।
   ख. वह अपने प्रिय के प्रेम से घबरा गया है।
   ग . वह एकांत में रहना पसंद कर रहा है।
   घ. उसे अब कुछ भी अच्छा नहीं लगता है।
10. कवि पर किसके संवेदना का प्रभाव दिखता है ?
   क. उसके परिवार का ख. उसकी प्रिया का
   ग. उसके अपने भाई बंधु का घ. इनमें से कोई नहीं

उत्तरमाला

1. ख. गजानन माधव मुक्तिबोध **2.** ग. खुशी-खुशी स्वीकार करना **3.** घ. गरीबी में भी स्वाभिमान को कायम रखना **4.** क. हृदय की सरिता **5.** ग. प्रिया को **6.**क. कमजोर और अक्षम **7.**घ. अत्यधिक

प्रेम मिलने के कारण **8.**ग. संवेदना देने वाली **9.**क. वह भीतर से दुर्बल पड़ने लगा है । **10.** ख. उसकी प्रिया का

11. 'विवर' शब्द का क्या अर्थ है?

क. बादल ख. बिल
ग. गुफा घ. शिविर

12. 'परिवेष्टित' शब्द का क्या अर्थ है?

क. पगड़ी ख. परिचय
ग. चारों ओर से घिरा हुआ घ. परिक्रमा

13. **"जितना भी उंडेलता हूं, भर-भर फिर आता है"** पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार है **?**

क. पुनरुक्तिप्रकाश एवं यमक
ख. अनुप्रास एवं पुनरूक्तिप्रकाश
ग. विरोधाभास एवं पुनरुक्तिप्रकाश
घ. उपर्युक्त में से कोई नहीं

14. 'गर्वीली गरीबी' में कौन सा अलंकार है ?

क. अनुप्रास ख. उपमा
ग. उत्प्रेक्षा घ. अतिशयोक्ति

15. प्रस्तुत कविता 'सहर्ष स्वीकारा है' हिंदी भाषा के किस रूप में है?

क. खड़ी बोली ख. ब्रजभाषा
ग. हिंदुस्तानी घ. इनमें से कोई नहीं

उत्तरमाला
11. ख. बिल 12. ग. चारों ओर से घिरा हुआ 13. ग. विरोधाभास एवं पुनरुक्तिप्रकाश
14. क. अनुप्रास 15. क. खड़ी बोली

निर्मात्री समूह

भुवनेश्वर, गुवाहाटी, कलकत्ता, रांची, सिल्चर ,तिनसुकिआ संभाग के स्नातकोत्तर शिक्षक (हिन्दी)
प्रस्तुतकर्ता
आंचलिक शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान
(ZIET) , भुवनेश्वर